हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 30 जून 2025

11 संत महापुरुषों के मान-सम्मान के लिए समर्पित सरकारः गंगवा



12 'जय जगन्नाथ' और 'हरे रामा-हरे कृष्णा' के जयकारों से गूंजा शहर...



**खबर संक्षेप**

### जहरीला पदार्थ निगलने के कारण सरपंच की मौत



**झज्जर।** गांव धांधलान में एक व्यक्ति ने गांव के खेतों में जाकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब पता चला तो वे उसे लेकर डीघल के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत के चलते रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया। रोहतक पीजीआई में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार के तौर पर हुई है। बाद में पुलिस और एफएसएल टीम द्वारा भी मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। दुजाना थाना प्रभारी राकेश ने बताया कि उन्हें धांधलान गांव में सरपंच द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने से मौत की सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने मौका-मुआयना किया गया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से मिला शव

**झज्जर।** अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस में एक व्यक्ति का शव मिला है। कर्मचारियों ने जब शव को पानी में पड़ा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने उपरांत पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाया। मामले के जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि मृतक व्यक्ति की उम्र करीब चालीस वर्ष है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को शिनाख्त के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में आगामी 72 घंटों के लिए रखवा दिया गया है।

### अस्पतालों से डिलीवरी का रिकार्ड लेगी पुलिस

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के एक प्लॉट में नवजात शिशु मिलने के मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, अस्पतालों से भी हाल फिलहाल में हुई डिलीवरी तथा गर्भवतियों का पता लगाया जा रहा है। रविवार को पुलिस ने विभिन्न अस्पतालों में संपर्क किया। वहीं, मामले में आशा वर्करों से भी पुलिस संपर्क करेगी। दूसरी तरफ बच्चा अभी नागरिक अस्पताल की नर्सरी में है। शनिवार की सुबह लाइनपार के एक खाली प्लॉट में कचरे के ढेर में नवजात शिशु मिला था। पुलिस ने बच्चे को तुरंत संभाला और अस्पताल में भर्ती कराया। डिलीवरी के तुरंत बाद शुक्रवार की देर रात या शनिवार की अल सुबह ही बच्चे को प्लॉट में फेंकने की आशंका है। इलाके में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। हर कोई इस वारदात को अंजाम देने वाले को कोस रहा है। कुछ लोग ने बच्चे की परवरिश करने भी बात कही है।

## बहादुरगढ़ के परनाला गांव में हुई वारदात, चार नामजद सहित अन्य अज्ञात पर केस दर्ज

# लव मैरिज करने वाले युवक के पिता की गोलियां मारकर हत्या

हत्या की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। बाइक पर सवार होकर हमलावर आए थे। कई देर तक वे दुकान पर रहे। गोलियां चलाते वक्त बार-बार उनकी पिस्तौल अटकी, लेकिन फिर भी वे लगे रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव परनाला रविवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। यहां एक दुकानदार की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। न केवल गोलियां मारी गई, बल्कि पत्थर व चाकू से भी वार किए गए। मृतक के बेटे से लव मैरिज करने वाली गांव की ही लड़की के भाइयों द्वारा यह वारदात करने की बात सामने आई है। पुलिस ने चार नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव की भांजी है लड़की

मामले में सामने आया है कि कुछ महीने पहले सतबीर के बेटे ने गांव की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। यह लड़की नाते से गांव की भांजी लगती है और दोनों परिवारों के मकान आसपास हैं। कुछ समय बाद दोनों अलग भी हुए और दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें दी गई।

बताते हैं कि लड़की शनिवार की रात को अचानक लापता हो गई। इसके बाद रविवार की सुबह सतबीर को मौत के घाट उतार दिया गया। परिजनों का कहना है कि लड़की के परिवार द्वारा बार-बार धमकियां दी जा रही थी। सतबीर और उसके परिवार को जान का खतरा था।





बहादुरगढ़। मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस, डीसीपी मयंक मिश्रा को मामले की जानकारी देते मृतक के बड़े भाई मोहर सिंह व वारदात के बाद विलाप करते मृतक के परिजन। फोटो: हरिभूमि

### दुकान की साफ-सफाई कर रहा था



मृतक की पहचान 58 वर्षीय सतबीर के रूप में हुई है। सतबीर की गांव में किरयाणे की दुकान है। रविवार की सुबह वह अपनी दुकान खोलकर साफ-सफाई कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर हमलावर आए और उस पर गोलियां चला दीं। गोलियां लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया और ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। डीसीपी मयंक मिश्रा ने भी वारदात स्थल का जायजा लिया। दोपहर बाद पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

परिजनों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई है। वहीं पुलिस की कई टीमों ने आरोपियों को काबू करने के लिए भागदौड़ शुरू कर दी है। मामले में लीला, लक्की, साहिल व सागर उर्फ रोहित आदि के नाम सामने आए हैं। इन पर केस दर्ज कर लिया गया है। दिनभर पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में भागदौड़ करती रही। खुद डीसीपी मयंक मिश्रा भी कई घंटे तक गांव में ही रहे। उन्होंने परिजनों को जल्द से जल्द वारदात सुलझाने का आश्वासन दिया।



बहादुरगढ़। सीसीटीवी में दिखाई दे रहे हमलावर।

### आरोपियों की तलाश जारी

*परनाला में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई है। मामले में कुछ युवकों के नाम सामने आए हैं। कुछ अन्य भी मामले में शामिल हो सकते हैं। जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।*
*-पवनवीर सिंह, एसएचओ, लाइनपार थाना*

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

*हत्या की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। बाइक पर सवार होकर हमलावर आए थे। कई देर तक वे दुकान पर रहे। गोलियां चलाते वक्त बार-बार उनकी पिस्तौल अटकी, लेकिन फिर भी वे लगे रहे। दो युवकों ने सतबीर को गोलियां मारी, हालांकि सतबीर ने बचाव के लिए संघर्ष भी किया, लेकिन हमलावर पूरा मन बनाकर आए थे। न केवल गोलियां बल्कि पत्थर व तेजधार हथियार से भी सतबीर पर वार किए गए। सतबीर के सिर से दो गोलियां आरपार हुई हैं। हत्या के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।*

## प्रवासी युवक की हत्या, पत्नी पर केस दर्ज



बहादुरगढ़। वारदात स्थल पर जांच करने पहुंची पुलिस। फोटो: हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक की बहादुरगढ़ में बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसके सिर व गर्दन पर चोट के निशान हैं। पत्थर व धारदार हथियार से उसको मौत के घाट उतारा गया है। पत्नी पर हत्या का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। मामला श्यामजी कांपलेक्स के साथ लगती गली का है। दरअसल, यहां एक मकान में कुछ प्रवासी परिवार रहते हैं। मकान के एक कमरे में ही प्रवासी व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान करीब 37 वर्षीय भानू प्रताप के रूप में हुई है। भानू प्रताप मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला था। पिछले कई वर्षों से यहां बहादुरगढ़ में परिवार सहित रह रहा था। फिलहाल वह एक ढाबे पर काम करता था। रात को ही उसे मौत के घाट उतार दिया गया। रात को उसका बेटा मकान की छत पर सोया हुआ था। रविवार की सुबह जब वह उठकर नीचे कमरे में गया तो भानू को खून से लथपथ देखकर चिल्ला पड़ा। उसकी चीख सुनकर मौके पर अन्य कमरों में रहने वाले लोग इकट्ठे हो गए। पड़ोसियों की मानें तो, भानू की पत्नी भी कमरे में थी लेकिन वह सुन्न थी। कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रही थी। केवल यही कह रही थी कि चोट लगी है। इस तरह से कई घंटे तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई। दोपहर को मृतक का बड़ा भाई राघवेंद्र नोएडा से आया। फिर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम भी बुलाई गई। भानू के सिर व गर्दन पर चोट के निशान हैं। तेजधार हथियार व पत्थर से मौत के घाट उतारे जाने की बात सामने आई है। मौजूदा हालातों को देखते हुए हत्या के शक की सूई फिलहाल मृतक की पत्नी पर ही है। परिजनों का भी यही आरोप है कि अक्सर दोनों में झगड़ा होता था। रात को झगड़े के बाद भानू को उसकी पत्नी कुसुम ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। भानू के बड़े भाई राघवेंद्र के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



बहादुरगढ़। सफाई न होने से बदहाल हुआ नाला। फोटो: हरिभूमि

# वार्ड-19 में बदहाल नालों की नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में नाले, नालियों की दशा खराब है। कई जगहों पर नाले गंदगी से जाम हो चुके हैं। ओवरफ्लो होने से नालों के बाहर गंदगी बह रही है। वार्ड-19 की काठमंडी में भी ऐसे ही हालात बने हैं। यहां जैन मंदिर वाली गली में नाले, नालियों की सफाई काफी समय से नहीं हुई है। नाले, नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं और पूरी तरह से ओवरफ्लो हैं।

वार्ड पार्षद विशाल गर्ग ने बताया कि पिछले काफी समय से यह समस्या गहराई हुई है। इस वजह से लोग परेशान हैं। बरसात होने पर तो स्थिति गंभीर हो जाती है। पिछले छह महीने में अधिकारियों को कई बार शिकायत दी जा चुकी है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। अब एक बार फिर से सीएम विंडो में शिकायत दी है। मानसून सिर पर है। इसलिए जल्द से जल्द नाले, नालियों की सफाई करके निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि बरसात में लोगों को परेशानी न हो।

### बीते छह माह में साइबर क्राइम मामलों में 93 आरोपी गिरफ्तार डेढ़ करोड़ रुपये की रिकवरी



**झज्जर।** साइबर अपराधी नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों को धोखा देते हैं। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सतर्कता, जागरूकता और उचित सुरक्षा उपाय अपनाना आवश्यक है। इसके लिए हमें अपनी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के प्रति सजग रहना होगा और कम समय में ज्यादा पैसे कमाने जैसे प्रलोभन के लालच में नहीं आना है। इसके अलावा बिना पूरी जानकारी के किसी के पास भी पैसे न भेजें यह साइबर ठगों की चाल हो सकती है।

उन्होंने बताया कि बीते छह माह के दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने अलग-अलग तरीके से साइबर फ्रॉड करने के मामले में 131 मुकदमे दर्ज करक 93 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि समय रहते पुलिस को सूचित करने पर पैसों को खातों में होल्ड करवाकर डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा रुपए की रिकवरी भी की गई है। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी कारणवश साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दे या अपने नजदीकी थाने में जाकर इसकी रिपोर्ट करवाए ताकि पुलिस द्वारा समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके।

# दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

- मोटरसाइकिल सवार घायल युवा अलग-अलग निजी अस्पतालों में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर




झज्जर। मृतक रूपेश का फाइल फोटो व नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

गांव नीलाहेड़ी में दो मोटरसाइकिलों की हुई आमने-सामने की टक्कर में जहां एक युवक की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए। मोटरसाइकिल सवार घायल युवा अलग-अलग निजी अस्पतालों में उपचाराधीन है।

मृतक की पहचान नीलाहेड़ी निवासी करीब 21 वर्षीय रूपेश पुत्र रामचंद्र के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रूपेश रविवार सुबह अपने साथी के साथ जिम करके मोटरसाइकिल पर वापिस लौट रहा था तो लड़ायन गांव की ओर से सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के साथ उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इस घटना में रूपेश व अपने साथी व मोटरसाइकिल सहित जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां रूपेश की गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय नागरिक अस्पताल रैफर कर दिया। जब परिजन रूपेश को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रूपेश के पिता रामचंद्र एक निजी स्कूल में अध्यापक है तथा रूपेश उनका इकलौता पुत्र था। इस संबंध में पुलिस द्वारा परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपी मोटरसाइकिल के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बनी परेशानी

# हल्की बरसात ने आमजन को गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रविवार सुबह हुई हल्की बारिश के कारण आमजन को गर्मी से राहत मिली, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि जलभराव की स्थिति कई स्थानों पर रही, लेकिन अंबेडकर चौक और अग्रसेन चौक पर हुए जलभराव के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतें हुई। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर जल निकासी के किए गए दावें केवल कागजों तक ही सीमित है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उधर, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।





झज्जर। शहर के अंबेडकर चौक से मेन बाजार के रास्ते पर हुआ जलभराव व जलभराव के बीच गुजरते हुए राहगीर एवं वाहन। फोटो: हरिभूमि

## बहादुरगढ़ में हुई 5.3 एमएम बरसात

**बहादुरगढ़।** इलाके में रविवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। बीच में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। दिनभर में कुल 5.3 एमएम बरसात दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते गर्मी से राहत मिली है। बीते कई दिनों से इलाके में ऐसा मौसम बना हुआ है। रोजाना आसमान में बादल छा जाते हैं। बरसात की उम्मीद बनती है लेकिन बादल बरस नहीं पाते। रविवार को बेशक दिनभर बादल छाए रहे लेकिन थोड़ी बूंदाबांदी रह कर मौसम खुल गया।

## महिला से सोने की बालियां ठगी

**बहादुरगढ़।** इलाके में बुजुर्ग महिलाओं के साथ धोखाधड़ी से आभूषण ठगने की वारदात बढ़ रही हैं। अब सांखोल में एक महिला के साथ वारदात हो गई। वारदात शीला देवी के साथ हुई है। पटेल नगर की निवासी शीला देवी का कहना है कि वह रोहतक-दिल्ली रोड पर आशियाना के नजदीक स्थित पीएनबी से पेंशन निकलवा कर अपने घर जा रही थी। सांखोल में ऑटो से उतरी तो दो अंजान शख्स ने रास्ता रोक लिया। उन्होंने बातों में उलझा लिया और कानों से सोने की बालियां उतरवा कर निकल गए। शातिरों ने न जाने ऐसा क्या किया कि वह कुछ समझ नहीं सकी और जब तक समझी शातिर चंपत हो चुके थे। फिर पुलिस को सूचना दी। उधर, पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की तह तक जाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि बहादुरगढ़ में इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं। ज्यादातर वारदात अनसुलझी हैं।

# महिला के खाते से निकले एक लाख 93 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बादली थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव की महिला के खाते से संदिग्ध परिस्थितियों एक लाख 93 हजार से अधिक रुपये निकल गए। महिला की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- महिला की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की
- खाते से किसी भी तरह का कोई अन्य लेनदेन नहीं किया

पुलिस को दी शिकायत में बुपनिया की निवासी ममता ने कहा है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में उसका खाता है। खाते में सवा दो लाख रुपये जमा थे। गत 12 जून को मेडिकल में अपनी आंख चेक कराने गई थी। वहां पर 1400 रुपये की पेमेंट की थी। इसके बाद 17 जून को अपना खाता चेक किया तो उसमें मात्र 35 हजार रुपये बचे हुए थे। बैंक में पता किया तो कर्मचारियों ने बताया कि आपके खाते से कुल दो लाख 28 हजार 233 रुपये यूपीआई के माध्यम से भेजे गए हैं और आपके खाते में 34 हजार 750 रुपये जमा हुए हैं। जबकि मैंने अपने खाते से किसी भी तरह का कोई अन्य लेनदेन नहीं किया। किसी को भी यूपीआई के जरिये पैसे नहीं भेजे। किसी शातिर ने मेरे खाते से एक लाख 93 हजार 483 रुपये निकाल लिए हैं। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।



## सावन की मस्ती

सावन माह शुरू होने जा रहा है। सावन की मस्ती से भला कौन वाकिफ नहीं। रिमझिम के दौरान युवाओं के अलावा बच्चे भी घरों की छतों पर या गलियों में अक्सर उछल-कूद करते हुए देखे जा सकते हैं। गलियों में पानी भर जाने पर कागज की किश्ती बनाकर उसे तैराना हर किसी के जीवन का खास यादगार पल होता है। किशोरों की टोलियों को बरसात में भीगना, एक-दूसरे को भिगौना खूब सुहाता है। ऐसे में बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं अक्सर गुलगुले-पकौडे.आदि पकवान का स्वाद लेते हैं।

# चौमासे में गुलगुले-घेवर की खुशबू से महकेंगी गलियां

*प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक समय ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।*



चातुर्मास

**राज कुमार नरवाल**

चौमासा शुरू हो गया है। बारिश का मौसम आ गया है। अब हमारा रहन सहन, खान-पान और पहनावा बदल जाएगा। हमारे पूर्वजों ने ऋतुओं के हिसाब से ही हमारी परंपराएं व रीति-रिवाज बनाए थे। हमारे पूर्वजों के बनाए इन नियमों पर चलते हुए हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। झुलसाने वाली ज्येष्ठ महीने की गर्मी के बाद आषाढ़ महीना चल रहा है। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो जाएगा। बरसात के इस मौसम में हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए, हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए नियम तय किए थे। सबसे पहले बात करते हैं कि चौमासा होता क्या है?

हरियाणा में 'चौमासा' शब्द का उपयोग वर्षा ऋतु के चार महीनों (आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन) के लिए किया जाता है। इसे चातुर्मास भी कहा जाता है। इस दौरान, शुभ और मांगलिक कार्यों को करना शुभ नहीं माना जाता है। चातुर्मास चार महीनों (120 दिन) का होता है, जो आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी एकादशी) से शुरू होता है और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवउठनी एकादशी) तक चलता है। इन चार मास में हमारा खान-पान और रहन सहन बदल जाते हैं। इस दौरान कुछ त्योहार भी आते हैं। इन त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है। चौमासा शुरू होते ही हमारे गांवों की गलियां गुलगुले, सुहाली और घेवर की खुशबू से महकने लगती हैं। चौमासा शुरू होते ही शहरों और गांवों में अभी से ही घेवर बनना शुरू हो गया है। सावन का महीना शुरू होते ही बरसात के मौसम में बनाए जाने वाले पकवानों की महक और बढ़ जाएगी।

### गुलगुले और सावन का खास मेल

गुलगुले-सुहाली और सावन के महीने का खास मेल है। हरियाणा प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक जमाना ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। पहले की बजाए अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।

### भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाती है सावन की कोथली

हरियाणा में महिलाओं के मान-सम्मान से जुड़े कई ऐसे रीति रिवाज हैं, जो आज भी गांव-देहात में प्रचलित हैं। यहां सावन के महीने में भाई अपनी बहन को कोथली देने जाता है। इसमें वह उसके कपड़े, गुलगुले, सुहाली, घेवर, पतासे व फल आदि लेकर जाता है।

बहनों को सावन में अपने भाइयों का बेसब्री से इंतजार रहता है, कि कब भाई आए और वह अपने आस-पड़ोस व परिवार को बताए कि उसका भाई उसकी कोथली लेकर आया है। महिलाएं कोथली में आए सामान को आस-पड़ोस में बड़े चाव से बांटती हैं। लेकिन कोथली का यह रिवाज अब आधुनिकता की भेंट चढ़ता जा रहा है। बहन-भाई के रिश्ते अब पहले जितने प्रगाढ़ नहीं रहे, जिस वजह से अब बहुत से भाई अपनी बहन की कोथली देने नहीं जाते।

किसी जमाने में जो भाई अपनी बहन की कोथली नहीं देने जाता था, उसे समाज में हीन भावना से देखा जाता था और समाज के डर से नाराजगी में भी वह अपनी बहन की कोथली देने जाता था। बहन व भाई नाराज हो जाते थे तो सावन के महीने में भाई कोथली लेकर बहन के घर पहुंचता तो सारे गिले-शिकवे दूर हो जाते थे। कोथली एक ऐसा रिवाज है, जिससे बहन और भाई का रिश्ता और मजबूत बनता है। मगर अब वह पहले जैसी बात नहीं रही। अब रिश्तों की मिठास कम होती जा रही है। सावन में कोथली यदि लेट हो जाती तो महिलाएं गीतों के माध्यम से उलाहने देना शुरू कर देती थी। एक गीत में एक महिला ने किसी जमाने में उलाहना देते हुए यह गीत गाया था कि-

*नीमों के निंबोली लागी सामणिया कद आवैगा,*
*मरियो ए बसंता नाई मेरी कोथली कब लावैगा।*

पुराने जमाने में यदि भाई को समय नहीं होता तो नाई को कोथली देने भेज देते थे। इसलिए इस गीत में नाई का जिक्र है। एक महिला का भाई नहीं था, जिसने गीत के माध्यम से कोथली न पहुंचने की पीड़ा अपनी सास के साथ इस प्रकार जाहिर की थी

*ऐरी सासड़ तीजां का बड़ा त्योहार*
*मेरा कोन्या मां का जाया बीर,*
*मेरी कोथली कोण पहुंचावैगा।*

### सावन माह में सिंधारा

शादी के बाद जब पहला सावन आता है तो सावन के महीने में लड़की अपनी ससुराल में नहीं रहती। वह अपने मायके चली जाती है। इस दौरान नवविवाहिता का ससुर सिंधारा लेकर बेटे की ससुराल पहुंचता है। इस सिंधारे में भी कोथली वाला ही सामान होता है। यह भी ऐसी परंपरा है, जिससे रिश्तों को मजबूती मिलती है।

### बहन के घर देते हैं सिधा

होली, दीपावली और मकर सक्रांति आदि त्योहारों पर भाई अपनी बहनों के पास सूट, फल, मिठाई और घी आदि लेकर जाते हैं। भाई को त्योहार पर अपने घर देखकर बहन बहुत खुश होती हैं। अपने दुख-सुख सांझा करती हैं और यदि बहन की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो भाई जो सामान लेकर पहुंचता है उससे परिवार का त्योहार अच्छे तरीके से मन जाता है।

### तीज का त्योहार

हरियाणा प्रदेश में वर्षा ऋतु (मानसून) के आगमन पर तीज का त्योहार सबसे पहले आता है, जो जुलाई या अगस्त में पड़ता है। कहा भी जाता है कि आई तीज, बिखेरगी बीज अर्थात तीज पर्व से त्योहारों का आगमन प्रारंभ हो जाता है। यह त्योहार पार्वती और भगवान शिव के प्रेम का प्रतीक है और हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है। महिलाएं इस दिन हरे रंग के कपड़े पहनती हैं और रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनती हैं।

### धार्मिक मान्यता

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। चातुर्मास के दौरान, विवाह, गृह प्रवेश, सगाई जैसे शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यह समय पूजा-पाठ, जप, ध्यान, और आत्म-चिंतन के लिए उत्तम माना जाता है। चातुर्मास में, कुछ लोग जमीन पर सोते हैं, शाकाहारी भोजन करते हैं, और कुछ विशेष वस्तुओं जैसे कि गुड़, तेल, दूध, दही, बैंगन, शाकपत्र आदि का सेवन नहीं करते हैं।

### गोगा नवमी का त्योहार

यह त्योहार भाद्रपद महीने में मनाया जाता है। यह त्योहार गोगा वीर (एक लोक देवता) को समर्पित है, जो सांपों के देवता के रूप में भी जाने जाते हैं। इस दिन, लोग गोगा वीर की पूजा करते हैं और सांपों से सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं।

### लोकगीत और नृत्य

बारिश के मौसम में, हरियाणा में लोकगीत और नृत्य का विशेष महत्व है। लोग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गाते और नाचते हैं, जो बारिश और फसल के मौसम का जश्न मनाते हैं।

### चौमासा फसल के लिए खास

खरीफ की फसल के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समय किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, और वे इस दौरान अपने खेतों में काम करते हैं। बारिश का मौसम हरियाणा के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह फसल उगाने का समय होता है। इस दौरान, किसान खेतों में काम करते हैं और फसल की अच्छी पैदावार के लिए प्रार्थना करते हैं।

### इस मौसम में खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी

- बारिश के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियां नहीं खानी चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टिरिया और किटाणुओं से संक्रमित होने का खतरा बना रहता है। पत्तों के बीच में कीड़े मिलने की संभावना बनी रहती है।
- लौकी, करेला और तोरई का सेवन करना : चाहिए।
- दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे दही, छाछ व पनीर सीमित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए।
- मांस, मछली और अंडे तामसिक भोजन में आते हैं, ये पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं, इसलिए चौमासा में इनका सेवन करने से बचना चाहिए।
- बैंगन में भी कीड़े होने की संभावना बनी रहती है, इसलिए बैंगन नहीं खाना चाहिए।
- धार्मिक मान्यताओं में भाद्रपद महीने में तो दही का सेवन वर्जित माना गया है।
- मूंग, मसूर और अरहर की दाल का सेवन करना चाहिए।
- मौसमी फल जो शरीर को विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं, ऐसे फलों का सेवन करना चाहिए।
- संभव हो तो चौमासे में दिन में केवल एक बार ही भोजना करना चाहिए। रात को हल्का भोजन या फल खाना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन को साफ़ और स्वच्छ वातावरण में बनाना चाहिए।
- चौमासा के दौरान, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
- यदि कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है, तो उसे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए।

---

रागनी **डा. रणबीर सिंह दहिया**



## निकम्मा घना सै करतार

सोलां सोमवार के ब्रत राखे मिल्या नहीं सही भरतार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घना सै करतार

बालकपन तैं चाहया करती मन चाहया भरतार मिलै
बराबर की इंसान समझै ठीक ठाक सा घर बार मिलै
उठते बैठते सोच्या करती बढ़िया सा मनै परिवार मिलै
मेरे मन की बात समझले नहीं घणा वो थानेदार मिलै
इसकी खात्तर मन्नत मानी चढ़ावे चढ़ाए मनै बेसुमार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

मेरी सहेली नै ब्याह ताहिं एक खास भेद बताया था
सोलां सोमवार के ब्रत करिये मेरे को समझाया था
बोली मनचाहया वर मिलै जिसनै यो प्रण पुगाया था
मनै पूरे नेग जोग करे एक बी सोमवार ना उकाया था
बाट देखै बढ़िया बटेऊ की यो म्हारा पूरा ए परिवार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

कई जोड़ी जूती टूटगी फेर जाकै नै यो करतार पाया
पहलम तै बोले बहु चाहिए ना चाहिए सै धन माया
ब्याह पाछै घणे ताने मारे छोरा बिना कार के खंदाया
सपने सारे टूटगे मेरे बेबे सोमवार ब्रत काम ना आया
पशु बरगा बरतावा सै ना करै माणस बरगा व्यवहार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

ये तो पाखण्ड सारे पाये ना भरोसा रहया भगवान मैं
उसकी ठीक गलत सारी पुगायी ना दया उस इंसान मैं
फेर न्यों बोले पाछले मैं कमी रही भक्ति तनै पुगाण मैं
आंधा बहरा राम जी भी नहीं आया पिटती छुड़ाण मैं
कहै रणबीर बरोने आला आज पाखंडाँ की भरमार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

---

कविता **राजपाल सिंह गुलिया**



## मजबूरी का मोल नहीं सै

मजबूरी का मोल नहीं सै, कहते आए लोग सयाणे।
देखे हमने अकल बिना भी, इस दुनिया में ऊँट उभाणे ॥

टोटा बैरी मजबूरी म्हँ, जिब चूँट - चूँट कै खावै सै।
लाचारी हो पर्वत तैं भारी, कुछ ना पार बसावै सै।
आग बलै ना अगर पेट म्हँ, तै कोण कमावण जावै से।
मजबूरी या प्यार घणा हो, ना तै कोण किसे कै खावै सै।
कोण अपणा भेद बतावै से, बिना जाणे और पिछाणे ॥

घणा कसूता काम देख ल्यो, माणस जिब मजबूर हों सैं।
कुछ तै फाँसी खा कै मरज्या, कुछ नशे म्हँ ए चूर हों सैं।
दर्द कसूता हो सै जिब, नूँह आंगलियाँ तैं दूर हों सैं।
वो भी हमने पिटते देख्ये, जिनके ..नाहीं कसूर हों सै।
इब वोहे लोग .मसूर .हों, जो गावैं सैं भूंडे गाणे।

जिनके .देख्ये छो आवै सै, उनतै करणे सलाम पड़ैं सैं
दो धेले के माणस तैं भी, कदे जरूरी काम पड़ैं सैं।
लुक - छुप .कै .जो काम करे, मानने सरेआम पड़ैं सैं।
शौक और मजबूरी म्हँ तैं, देणे दूणे दाम पड़ैं सैं।
ज्यूँ आँधी म्हँ आम झड़ैं सैं, लागे न्यू ये दाम बिराणे ॥

किसै की घणी किसै की थोडी, सबकी ए मजबूरी हो सै।
वो भी फिरैं हाँडते मिरगा, जिन धोरे कस्तूरी हो सै।
दिल अपणे नै डाट बावले, यो भी भोत जरूरी हो सै।
सभ के मन की इच्छा बोलो, किसकी किसतैं पूरी हों सैं।
राजपाल गुलिया कहता, थम, भी बणो आंध्यां म्हं काणे ॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**कार्यकाल** अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को 54 वर्षों बाद ही 1858 में मात्र एक तहसील बना दिया था

# बेहद रोचक इतिहास है रियासत झज्जर का



झरोखा **यशपाल गुलिया**

अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को मात्र एक तहसील बना डाला था। पाठ्य सामग्री के अभाव के कारण झज्जर के इतिहास बारे ज्यादातर नागरिक आज तक अनभिज्ञ ही हैं। केवल झज्जर के अन्तिम नवाब के विषय में ही जाना जाता है, जबकि सन 1804 में झज्जर के एक रियासत बनने से पहले भी यह एक शासकीय दस्तूर / परगना रहा था जिस पर विभिन्न प्रशासक नियुक्त रहे थे।

झज्जर नगर की स्थापना वर्ष 1200 के आसपास भोजू जाट द्वारा की गई थी। उसके बाद नव स्थापित बस्ती ने तीव्र गति से विस्तार किया तथा सुदूर क्षेत्र अफगानिस्तान तक के नागरिक यहां आकर आबाद होने लग गए। एक दो शताब्दी के बाद यहां क्रमशः तीन बाह्य कबीलों का वर्चस्व कायम रहा। इनमें बहिस्ति कबीला, फिर पठान कबीला तथा बादशाह जहांगीर के काल में कलाल कबीले का नियन्त्रण रहा। उसके बाद दिल्ली दरबार से झज्जर पर विधिवत प्रशासक नियुक्त किए जाने लगे। इस तरह झज्जर का रूतबा एक दस्तूर स्तर का बन गया जिसके अन्तर्गत चार परगने झज्जर खास, दादरी तोए, मान्डोटी तथा बेरी दुबलधन आते थे। 16वीं शताब्दी से ही दिल्ली बादशाह के वजीर को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर प्रदान किया जाने लगा था। उस प्रचलन में विभिन्न प्रशासक नियुक्त किए गए थे। इनमें आकिल खां पठान, मीर मुश्तजा खां ईरानी, नजफ कुली खां, बेगम समरू, जार्ज थामस, फरुख नगर नवाब तथा भरतपुर राजा आदि के नाम शामिल हैं।

शाही वजीर सफदरजंग द्वारा नियुक्त मुरतजा खां ईरानी ने 1750 में झज्जर में एक किला बनाया था, जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। यह पुराने थाने वाले स्थान पर था। उसके बाद लगभग 10 वर्षों तक फरूखनगर व झज्जर पर भरतपुर शासकों ने बलात कब्जा करके खुशहाल राय व राम किशन आदि यहां के प्रशासक नियुक्त किए थे। आश्चर्यजनक रूप से झज्जर पर वर्ष 1790 में दो सिखी साहब सिंह व मन्झा सिंह ने भी अधिकार कर लिया था। फिर 1794 से मराठों ने झज्जर को जार्ज थामस को प्रदान कर दिया, जिसने जहाजगढ़ में एक किला बनाया तथा हिसार तक के क्षेत्र पर कब्जा करके स्वतन्त्र राज्य ही बना लिया था। दिल्ली पर 1803 से अंग्रेजों का आधिपत्य होने पर उन्होंने झज्जर को एक विशाल रियासत बना दिया। इसका क्षेत्र नारनौल, महेन्द्रगढ़, दादरी व बावल तक था।





झज्जर के अंतिम नवाब द्वारा छुछकवास में बनवाया गया महल, जहां से अंग्रेजों ने उसको 1857 में बंदी बनाया था, यहां शिलालेख आज भी विद्यमान है। अंतिम नवाब द्वारा निर्मित झज्जर में स्थित महल।

### निजाबत अली खां बना पहला नवाब

निजाबत अली खां झज्जर का प्रथम नवाब बनाया गया। लेकिन 54 वर्षों बाद 1858 में झज्जर रियासत को अंग्रेजों ने ही समाप्त कर दिया था। तब तक फैज अली खां, फैज मोहम्मद खां और अब्दुर रहमान खां आदि झज्जर के नवाब रहे थे। यद्यपि अन्तिम नवाब ने 1857 में अंग्रेजों से कोई प्रत्यक्ष युद्ध नहीं किया था लेकिन उसने दिल्ली से भागकर आए अंग्रेज मैटकाफ को शरण भी नहीं दी थी। इसका खामियाजा उसको फांसी के तौर पर भुगतना पड़ा। झज्जर के सम्पूर्ण इतिहास का उल्लेख गुलाम नबी द्वारा 1860 में लिखी गई पुस्तक में भी उर्दू भाषा में उपलब्ध है।

---

# खाकी के कैनवास पर कला के अक्स बुन रहे एसीपी राजेन्द्र सिंह

प्रतिभा **गुलशन वर्मा**

पुलिस... मतलब कड़क अंदाज, कठोर कार्यशैली, कड़ा अनुशासन। चौबीसों घंटे केस, कोर्ट-कचहरी, कानून, कायदा, कार्रवाई, कैदी, एनकाउंटर, लाठीचार्ज, हथकड़ी, जमानत, मुजरिम एफआईआर आदि आदि। ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस कर्मचारी या अधिकारी का जीवन भावशून्य व संवेदनाविहीन हो जाता है। खाकीधारियों की भीड़ में कुछ ऐसी शख्सियतें भी हैं जो कठोर प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्य पालन में आदर्श बन कर खड़े हैं पर साथ ही व्यस्त दिनचर्या में से कुछ पल निकाल कर यह साबित कर रहे हैं कि खाकी सिर्फ कठोरता का पर्याय नहीं। कला, संस्कृति, काव्य, तूलिका भी उनके जीवन में अहम स्थान रखते हैं। यह शख्सियत हैं तूलिका के मास्टर और कविता के फनकार राजेन्द्र सिंह 'कलकल'।



दिल्ली पुलिस में असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर यानी एसीपी (पीएचक्यू) राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों में कविता से श्रोताओं को उल्लासित, रोमांचित व भावविभोर करते देखा जा सकता है। देखते ही देखते वह साथ या सामने बैठे व्यक्ति का ऐसा सजीव कैरीकेचर बना देंगे कि आप दंग रह जाएंगे। एक 'शार्प' कार्टूनिस्ट के तौर पर 'कलकल' को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली है। उनके कद्रदानों में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी हैं जिन्होंने अपना कार्टून देख कर 10, डाउनिंग स्ट्रीट (सन् 1735 से लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों का निवास स्थान) से 'कलकल' को प्रशंसा का पत्र भेजा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइल मिशन के सूत्रधार एपीजे अब्दुल कलाम को जब राजेन्द्र 'कलकल' ने उनका कैरीकेचर दिया तो वे इतने प्रभावित हुए कि उस पर लिख दिया, 'वैरी गुड कार्टून'। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, सदी के मेगास्टार अमिताभ बच्चन, क्रिकेटर कपिल देव और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा भी उनके प्रशंसकों में शामिल हैं। 'कलकल' के बनाए कार्टून पर इन सभी ने हस्ताक्षर किए हैं व कमेंट लिखे हैं। राजेन्द्र 'कलकल' के बनाए कार्टून/ कैरीकेचर की सूची काफी लंबी है। दिल्ली पुलिस के इतिहास पर किए गए शोध, साहित्यिक प्रतिभा, अध्यात्मवाद और व्यवहारवाद आदि को देख कर सहज रूप से उनकी 'वर्सेटाइल पर्सनैलिटी' का अहसास हो जाता है। हरियाणा के भिवानी जिले के मूल निवासी राजेंद्र सिंह 'कलकल' की बहुमुखी प्रतिभा पर अभी तक हरियाणा साहित्य अकादमी या केंद्र सरकार की साहित्य, कला, शिक्षा, सामाजिक एजेंसियों की नजर न पड़ना आश्चर्यजनक है।

एसीपी राजेन्द्र सिंह 'कलकल' दिल्ली पुलिस के संग्रहालय के सूत्रधार और अनुसंधानकर्ता भी हैं। किंग्स्वे कैंप स्थित यह संग्रहालय कई मायनों में अद्भुत है। 'हिस्ट्री एंड हेरिटेज बुक आफ दिल्ली' में राजेंद्र 'कलकल' का अहम योगदान है।





### दुनिया कायल है 'कलकल' की

राजेन्द्र सिंह के कद्रदानों में अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह, अमिताभ बच्चन भी शामिल रहे हैं। अपना कैरीकेचर देख 'मिसाइलमैन' ने लिखा, 'वैरी गुड कार्टून', वहीं ब्रिटिश पीएम बोरिस जानसन ने लैटर भेज कर धन्यवाद किया।

दिल्ली पुलिस की पहली कॉफी टेबल बुक इन्हीं के शोध पर आधारित थी। आजादी से पहले की पुलिस यूनिफॉर्म, बंदूक, टोपी, पुलिस थानों की पहचान, फोटो, जुर्माना, पहली एफआईआर, इंस्पेक्शन बुक, पहला वायरलैस सेट जैसी अनेक रोचक और खोजपरक जानकारी इस संग्रहालय में मौजूद है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट 'कलकल' के कार्टूनों से भरी है। हर कार्टून इतना परफेक्ट कि आप देखते रह जाएंगे। दिल्ली पुलिस की पत्रिकाओं, कैलेंडर में उनके कार्टून छप चुके हैं। 'कलकल' जाने माने कवि भी हैं। उनकी कविताओं व साहित्य रचनाओं में जीवन के कठोर, चुटीले व रोचक किस्सों व प्रेरणादायक वृतांत का समावेश होता है। वह सामाजिक बंधनों की परंपरा को कायम रखने में भी सबसे आगे हैं। वह उपदेशक (मोटिवेशनल स्पीकर) की भूमिका भी निभा रहे हैं जिसमें वह अपने संदेशों में जीवन के प्रति आशावाद और उत्साह का संचार करते हैं। वह बाकायदा मोटिवेशनल क्लास भी लगाते हैं जिसमें दैनिक जीवन के तनावों से मुक्ति पाने के टिप्स दिए जाते हैं। ये टिप्स गीता की शिक्षा पर आधारित होते हैं। इन क्लासों में बढ़ती भीड़ इनकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को स्वयं साबित करती है। इनके टिप्स बच्चे, युवा, प्रौढ़, बुजुर्ग सभी के लिए होते हैं।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन दस को

**झज्जर।** ऑफिसर कॉलोनी स्थित बाबा हनुमान मंदिर में आगामी दस अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। मंदिर के महंत अनिल कपूर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुंदरकांड पाठ सुबह सुबह सात बजे, हवन सुबह आठ बजे व कन्या पूजन एवं भंडारा दोपहर बारह बजे पूरे धार्मिक तरीके से आयोजित होगा।

### अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** डहीना चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बुडोली निवासी नरशी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 बोतल देशी शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नरशी निवासी गांव बुड़ोली अपने मकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना को पर पुलिस ने मौके से आरोपी को देशी शराब सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### नांगल पठानी स्टेशन पर अधेड़ ने फांसी लगाई

**कोसली।** नांगल पठानी रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात एक अधेड़ ने प्लेटफार्म की शेड की एंगल से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शव को फंदे से लटका देख कर किसी ने जाटूसाना स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रविवार प्रातः स्टेशन मास्टर की सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस चरखी दादरी मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को फंदे से उतरा। मृतक की पहचान हांसी की कृष्णा कॉलोनी निवासी राजेश के रूप से हुई। मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें परेशानी के कारण आत्महत्या करने का जिक्र है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन 15 जुलाई को

**रेवाड़ी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान रामेश्वर दयाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधान ने कहा कि देशभर के रिटायर्ड कर्मचारी संघर्षरत है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सानिध्य में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 15 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से दोपहर एक बजे तक धरना-प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा।


### ईएसएचएम रिवर्सन मामले में शिक्षा विभाग की अनदेखी पर जताया एतराज

# हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ करेगा बड़ा आंदोलन

राज्य महासचिव विनोद ने बताया कि यह निर्णय संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व सचिवों के साथ हुई वर्चुअल मीटिंग में लिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने ईएसएचएम रिवर्सन मामले में शिक्षा विभाग की अनदेखी पर एतराज जताया है। संघ के राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निम्बड़िया ने कहा कि यदि जल्द ही असंवैधानिक ईएसएचएम रिवर्सन आदेश रद्द कर प्रभावित शिक्षकों की पूर्ववत पदस्थापना नहीं की, तो विभाग के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।


झज्जर। वर्चुअल मीटिंग में शामिल हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राज्य महासचिव विनोद ने बताया कि यह निर्णय संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व सचिवों के साथ हुई वर्चुअल मीटिंग में लिया गया। उन्होंने बताया कि संघ के अब तक इस मामले में विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए हैं। बीती तीन जून को जहां अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी से मुलाकात की गई वहीं नौ जून को संघ प्रतिनिधिमंडल की अतिरिक्त मुख्य सचिव व निदेशक मौलिक शिक्षा से भेंट की थी, जहां अन्याय नहीं होने का आश्वासन दिया गया।

इसके बाद 17 जून को शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने पर भी उन्हें शिक्षकों के हित सुरक्षित रखने का आश्वासन मिला। 24 जून को मुख्यमंत्री से सीधी वार्ता में भी उन्होंने अन्याय न होने का भरोसा दिलाया।

#### ये रहे मौजूद

वर्चुअल मीटिंग में राज्य कोषाध्यक्ष राजेश पेटवाड़, राज्य संयोजक दलबीर राठी, राज्य उप प्रधान अरुण भौरिया, डॉक्टर करनैल, राज्य प्रेस सचिव रमेश, राज्य सचिव अनिल, पूर्व प्रदेश महासचिव चंद्रमोहन, राज्य सह सचिव जगदीश चहल, सुरेंद्र, डॉक्टर ईश्वर सिंह, सतपाल, अमर सिंह, हरिनिवास, जगदीश लांबा, सुरेश रंगा, सुमेर, राजेंद्र, राजेश बिड़ला, संत कुमार, तरसेम, नरेश, जगदीश, नरेंद्र सहित अन्य भी शामिल रहे।


बहादुरगढ़। फोन पर मन की बात कार्यक्रम देखते डॉ. पंकज जैन। फोटो : हरिभूमि

# मन की बात कार्यक्रम को बताया प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का एपिसोड देखा।

डॉ. पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने मन की बात कार्यक्रम के तहत समाज की प्रतिभाओं को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। ताकि अन्य नागरिक भी उनसे प्रेरणा लेकर देश हित व समाज हित के कार्यों में आगे बढ़कर काम कर सके। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के नागरिकों के साथ-साथ करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र, संगठन, पार्टी, समाज की सेवा में काम करने को प्रेरित करते है।


झज्जर। बैठक में उपस्थित बैरागी समाज के लोग।

# बैरागी समाज की बैठक में चुनाव को लेकर हुई चर्चा


**झज्जर।** बैरागी समाज द्वारा शहर के रेवाड़ी रोड स्थित संत शिरोमणि महाराज रामदास आश्रम में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष सोमदत्त ने की। बैठक में आगामी बीस जुलाई को होने वाले जिला चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। समाज के हितों की रक्षा, एकता बनाए रखने और चुनाव में समाज की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर आजाद, रघबीर, सुरेश, रोहतास, कुलदीप, धर्मवीर, महेश, राजपाल, सोमदत्त, मनोज, बलवान और हरीश कुमार सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों के लिए आयोजित कैंप में 40 के बनाए आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रविवार को सेवा भारती बादली की ओर से संचालित राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केंद्र परिसर में 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कैंप में सीएससी सेंटर के कर्मचारी सभी आवश्यक सामान लेकर केंद्र में पहुंचे और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड भी उपस्थित जनों ने देखा।

इसके बाद संस्थान परिसर में पौधारोपण करते हुए ग्रामीणों को पौधा सरंक्षण संबंधी शपथ भी दिलाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से आयुष्मान कार्ड योजना से बुजुर्गों को लाभ पहुंच रहा है। पहले सीएससी पर काफी समय लग जाता था लेकिन सरकार की बेहतरीन पहल से सीएससी सेंटर ही उनके द्वार पर पहुंच गए हैं। कैंप में चालीस बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा जिन बुजुर्गों के आधार कार्ड फैमिली आईडी से लिंक नहीं थे उनके आधार कार्ड को लिंक करने का कार्य भी किया गया। बुजुर्ग रामिकशन, रामेश्वर, भीम सिंह, सुखबीर गुलिया, राजसिह गुलिया, सत्यवान, रूपचंद, मास्टर शेर सिंह, बलराम, बलजीत सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनवाते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की।


झज्जर। कैंप के दौरान आयुष्मान कार्ड बनवाते हुए बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान सेवा भारती के सामाजिक समरसता जिला प्रमुख हवा सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार लगातार कल्याणकारी कार्य कर रही है जिससे बुजुर्गों को फायदा हो रहा है। इसके अलावा युवाओं को बिना खर्ची, बिना पर्ची के नौकरी भी दी जा रही है। इस मौके पर संदीप कुमार गुलिया, देवीराम गुलिया, दीपक, रत्न सिंह, दलबीर, भूप सिंह, कैलाश चंद गोयल, कपूर सिंह, राजसिंह गुलिया, धीरपाल सिंह, रूप सिंह वाल्मीकि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# संत महापुरुषों के मान-सम्मान के लिए समर्पित सरकारः गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आगामी 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाले महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के कार्यक्रम का निमंत्रण देने लोक निर्माण,जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार योजना के तहत महापुरुषों की जयंती मनाने की ऐसी परंपरा शुरू की है जिससे समाज का हर वर्ग गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा आगामी महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती का राज्य स्तर पर मनाई जाएगी जिसमें प्रदेश भर से लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से न्योता दिया जा रहा है अधिक से अधिक संख्या में जयंती कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नीरज भगत जी, राजेश दुजाना सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

# गंगा इंस्टीट्यूट में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 700 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया गया। मेगा जॉब फेयर में देश की 70 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। कंपनी प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार देने पहुंचे करीब एक हजार विद्यार्थियों में से सात सौ विद्यार्थियों का चयन किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्लेसमेंट अधिकारी डॉक्टर हितांशु सलूजा, क्षितिज उपाध्याय, प्रवीन कुमार, डॉक्टर हरि प्रसाद और भूमिका के साथ-साथ फैकल्टी कोऑर्डिनेट के प्रयासों की सराहना की।


झज्जर। मेगा जॉब फेयर के दौरान साक्षात्कार के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए विद्यार्थी।


झज्जर। बॉक्सर को विजेता घोषित करते हुए रैफरी। फोटो : हरिभूमि

# मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण पदक

**झज्जर।** पंचकूला में 27 से 29 जून तक चली खेलो हरियाणा मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि मुक्केबाज प्रशांत कुमार ने 65 किलो भार वर्ग में और आकाश गुलिया ने 75 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्होंने बधाई देते हए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94 हजार पैकेट जब्त, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने एक गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94 हजार पैकेट बरामद किए और कर्नाटक निवासी एक व्यक्ति समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पी पी चेंगप्पा (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे। पुलिस ने कहा कि एक आवासीय इमारत के बेसमेंट में स्थित गोदाम से कई विदेशी ब्रांड के सिगरेट के पैकेट बरामद किए गए, जिन पर कोई अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी या अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) नहीं लिखा था, जो सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) का उल्लंघन है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 27 जून को एक टीम को इलाके में अवैध सिगरेट के भंडार के बारे में सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें कई विदेशी ब्रांड की सिगरेट बरामद की गईं।

### दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में लगी गोली

# अमेरिकी नागरिकों से लूटपाट करने वाले मुठभेड़ में दबोचे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के एक पार्क में दो अमेरिकी नागरिकों से कथित तौर पर लूटपाट और उनपर चाकू से हमला करने वाले दो लोगों को रविवार सुबह पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि 25 और 26 जून की मध्य रात्रि को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में अमेरिकी नागरिक और उसकी महिला मित्र टहल रहे थे, तभी लूटपाट की यह घटना हुई थी। आरोपियों ने अमेरिकी नागरिक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था और उसकी महिला मित्र का मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सर्जरी के लिए सरिता विहार स्थित एक अन्य निजी अस्पताल भेज दिया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) ऐश्वर्या शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी नागरिक की महिला मित्र के बयान के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।₹ अमर कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने आस्था कुंज पार्क, गढ़ी, कालकाजी और नेहरू प्लेस के आसपास के इलाकों में व्यापक छानबीन की। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिरों के जरिए संदिग्धों की पहचान करने के बाद टीम को आरोपियों की गतिविधि के बारे में विशेष जानकारी मिली। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए देर रात करीब डेढ़ बजे बजे आस्था कुंज पार्क के प्रवेश और निकास द्वार पर जाल बिछाया गया।₹ सुबह लगभग 5:10 बजे, मुखबिरों द्वारा शिनाख्त किये गए आरोपियों जतिन उर्फ मोगली और अक्षय को इस्कॉन मंदिर की तरफ से आते देखा गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने संदिग्धों से आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा किअआरोपी ने तीन गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी और दूसरी हेड कांस्टेबल की जैकेट पर लगी। हालांकि कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।₹ आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी आरोपियों के पैरों को निशाना बनाते हुए तीन गोली चलाई। दोनों संदिग्धों के दाहिने पैर में गोली लगी और बाद में टीम के अन्य सदस्यों की मदद से उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें (आरोपियों को) तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।



अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल, दो कारतूस और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। साथ ही, घटना के दौरान लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान उत्तम नगर निवासी जतिन उर्फ मोगली (20) गढ़ी निवासी अक्षय बैठिनी (20) के रूप में हुई। मोगली पहले भी मारपीट के दो मामलों में शामिल रहा है।

# धर्मशाला में आयोजित वार्षिक विधायक सम्मेलन में भाग लेंगे विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे सम्मेलन का उद्घाटन

पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को एक मंच पर लाकर विधायी सुशासन, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और अंतरराज्यीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए धर्मशाला में आयोजित होने वाले दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता भाग लेंगे। इस बात की जानकारी विधानसभा सचिवालय ने रविवार को दी है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार यह आयोजन 30 जून और 1 जुलाई 2025 को तपोवन, धर्मशाला में किया जा रहा है।

यह दो दिवसीय सम्मेलन दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को एक मंच पर लाकर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष के साथ धर्मशाला जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचेतक अभय वर्मा, विधायक शिखा राय एवं जितेन्द्र महाजन और दिल्ली विधान सभा के सचिव रंजीत सिंह शामिल हैं, जो इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में संविधान विशेषज्ञों, सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ संसदीय अधिकारियों की सहभागिता होगी।

इस सत्र में यह चर्चा होगी कि कैसे विधायिकाएं जवाबदेह शासन सुनिश्चित कर सकती हैं, वित्तीय अनुशासन बनाए रख सकती हैं और विकास के लक्ष्यों को जनहित से जोड़ सकती हैं।

**खबर संक्षेप**



## विधायक ने की भंडारा कार्यक्रम में शिरकत

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने रविवार को हलके के गांव खैरपुर में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। खैरपुर गांव में पंजाब खोड़ रोड स्थित जय दादा ढाक वाले मंदिर पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। विधायक राजेश जून ने भंडारा कार्यक्रम में मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की। जून ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और जय ढाक वाले से समस्त हलका वासियों के जीवन में सुख व समृद्धि की कामना की।

## विहिप ने किया राकेश जून का सम्मान

**बहादुरगढ़।** दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग बहादुरगढ़ के मुख्यातिथि रहे एचएस सिटी के डायरेक्टर राकेश जून का विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। विभाग अध्यक्ष पितांबर, जिला संरक्षक जगदीश ऐलावाधी, जिला मंत्री हरज्ञान व नगर मंत्री रणबीर ने राकेश जून को स्मृति चिह्न भेंट किया। उनके द्वारा दी गई सेवाओं का धन्यवाद किया।

## राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की जयंती मनाई



**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में महान क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की जयंती मनाई गई। ग्रामीणों व समिति सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने कहा कि काकोरी ट्रेन के लूटपाट के नायक अमर शहीद राजेंद्र सिंह लाहिड़ी को गोंडा जेल में 17 दिसंबर 1927 को निर्धारित तिथि से दो दिन पहले ही फांसी दे दी गई थी।

## खिलाड़ियों ने दिया दिमागी कौशल का परिचय



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में 29वीं हरियाणा स्टेट चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने दीप प्रज्वलित करके किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर झज्जर चेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूल मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। अंडर-11, 17 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। दिनेश कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीतियों ने राज्य को खेलों में उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।

### भगवान जगननाथ रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

# 'जय जगननाथ' और 'हरे रामा-हरे कृष्णा' के जयकारों से गूंजा शहर

### जगह-जगह रथयात्रा का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ एवं इस्कान झज्जर द्वारा शहर में भगवान जगननाथ रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए भगवान जगननाथ, बलभद्र और सुभद्रा का आशीर्वाद लिया। यात्रा कच्चा बाबरा रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई और यादव धर्मशाला, सरकुलर रोड, पुराना बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, छारा चुंगी होते हुए माता गेट होते हुए श्री प्राचीन गौशाला में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भाव विभोर हुए और हरे रामा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, जय जगननाथ के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल के बीच जयकारें लगाते हुए नृत्य किया। पूरा शहर भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। श्रद्धालुओं में रथ को खींचने की होड लगी रही। महिलाएं, बुजुर्ग, युवाओं और बच्चों सभी में जोश दिखाई दिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजता रहा। वहीं शहरवासियों ने यात्रा के मार्ग पर जलपान और फलों की व्यवस्था की गई। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया।






झज्जर। भगवान जगननाथ रथयात्रा के दौरान रथ खींचते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान मुख्य रूप से नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, प्रमुख समाजसेवी महेंद्र बंसल, पूर्व सरपंच अत्तर सिंह यादव, आशीष पोपली, विनीत पोपली, पवन अरोड़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उधर, रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे। काफी संख्या में पुलिस बल यात्रा के साथ रहा और यातायात व्यवस्था भी पूर्णतया दुरूस्त रही।



झज्जर। भगवान जगननाथ रथयात्रा के दौरान नृत्य करते हुए श्रद्धालु।

# पहली मेरिट लिस्ट की फीस जमा करने की आज अंतिम तिथि

- नेहरू कॉलेज में 131 विद्यार्थियों ने करवाई फीस जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के दाखिलों के लिए फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 जून है। फीस डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भरी जा सकती है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि फीस भरने के लिए विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रवेश पोर्टल पर लॉग इन करना होगा। फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज में उपस्थित होना होगा। नेहरू कॉलेज में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए 1567 आवेदन किए गए थे। इन सीटों पर दाखिलों के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने वीरवार को 556 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी की थी। नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में अब तक 131 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है।

### तीन जुलाई को आएगी दूसरी मेरिट लिस्ट



डॉक्टर अमित भारद्वाज

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। ओपन काउंसलिंग नौ जुलाई से शुरू होगी। खाली सीटों को भरने के लिए एडमिशन पोर्टल भी दस जुलाई को दोबारा खुलेगा।

## राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए संस्थापित किए गए हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है।

पुरस्कार विजेताओं को वार्षिक आयुर्वेद दिवस पर 5 लाख रुपये के पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

*तीन साल से लगातार मेडल जीत रही आरती*

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में आरती ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डाबौदा खुर्द गांव की बहू आरती ने एक बार फिर विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। आरती ने लगातार तीसरे साल वर्ल्ड पुलिस गेम्स में मेडल जीत कर हैट्रिक लगा दी है। इस दफा आरती ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स की जूडो स्पर्धा में सिल्वर मेडल हासिल किया है। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 10 जुलाई तक बर्मिंघम अल्बामा, अमेरिका में चलेंगे। आरती ने चाइना, ताइवान और फिलीपींस के खिलाड़ियों को हराकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

**पिछले साल कनाडा में जीता गोल्ड**



मेडल विजेता आरती।

आरती सीआरपीएफ में कोच के तौर पर कार्यरत हैं। वहीं उनके पति चंद्रप्रकाश हरियाणा पुलिस में कार्यरत हैं। चंद्रप्रकाश ने बताया कि आरती ने पिछले साल कनाडा में हुए वर्ल्ड पुलिस गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल किया था। नीदरलैंड में सिल्वर मेडल भी हासिल कर चुकी है। वहीं 2019 में आरती ने यूके में हुई स्पर्धा में ब्रांज मेडल हासिल किया था। आरती जयपुर में हुई कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी है। आरती पोलैंड, चाईना, आबू धाबी सहित कई देशों में हुई इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुकी है। आरती के उपलब्धि पर गांव और प्रदेश में खुशी की लहर है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। चंद्रप्रकाश का कहना है कि आरती का देश लौटने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा।



## जजपा ने सदस्यता अभियान चलाया

**बहादुरगढ़।** जननायक जनता पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जजपा के हलका प्रभारी व पूर्व पार्षद राजू दलाल ने रविवार को महावीर पार्क में सदयस्ता अभियान के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में झज्जर जिलाध्यक्ष एवं जिला पार्षद संजय दलाल तथा हलकाध्यक्ष नगर पार्षद संदीप अहलावत ने भी शिरकत की। संजय दलाल ने कहा कि पार्टी ने पूरे सदस्यता अभियान चलाया है।

# चेयरपर्सन ने पदक विजेता का किया सम्मान

- प्रवीण मांडोठी ने वर्ल्ड ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कजाकिस्तान में हुई वर्ल्ड ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रवीण मांडोठी का दिल्ली-रोहतक रोड स्थित पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी के कार्यालय पर अभिनंदन किया गया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने पदक विजेता प्रवीण का सम्मान करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन ने कहा कि प्रवीण ने बहादुरगढ़ क्षेत्र, हरियाणा प्रदेश तथा भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। यह हम सबके लिए खुशी की बात है। राठी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और प्रवीण की तरह पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाना चाहिए। चेयरपर्सन ने कहा कि केंद्र की मोदी व हरियाणा की नायब सरकार द्वारा खेलों इंडिया के अंतरगत बच्चों को खेलों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने कपिल स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी प्रवीण का सम्मान करते हुए कहा कि चोट लगने के बावजूद उन्होंने वर्ल्ड ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में देश के लिए कांस्य पदक जीता है। हमें पूरा विश्वास है की भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में प्रवीण गोल्ड मेडल जीतेगा।



बहादुरगढ़। पदक विजेता के साथ चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।



बहादुरगढ़। एम का मन की बात कार्यक्रम देखते रविंद्र बराही व अन्य।

## गांव बराही में सुनी पीएम के मन की बात

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता एवं जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने रविवार को गांव बराही में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देखा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरे देश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत बूथ नंबर-30 पर पौधारोपण किया। रविंद्र छिल्लर व कार्यकर्ताओं ने बूथ नंबर-30 पर भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए सदैव राष्ट्र हित में कार्य करने का संकल्प लिया। रविंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश और देशवासियों पर एक पॉजिटिव असर छोड़ा है।

*गांव लोवा खुर्द में फुटबॉल लीग का आयोजन*

# दुल्हेड़ा, जहांगीरपुर, लोवा बहादुरगढ़ सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द में आयोजित फुटबॉल लीग में रविवार को 19 मुकाबले खेले गए। अंडर 14 में शानदार प्रदर्शन के बूते दुल्हेड़ा, जहांगीरपुर, लोवा खुर्द तथा बहादुरगढ़ की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। अंडर-10 आयु वर्ग में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने खेड़ी जट को 5-0 से हराया। लोवा खुर्द स्टार टीम ने भापड़ोदा टीम को 2-0 से हराया। इंडीज कीकर ने खेड़ीजट को 5-0 से हराया। इसी तरह दुल्हेड़ा ने इंड्स आयरन को 5-0, इंड्स रेपिड ने दुल्हेड़ा बी को 3-2 तथा इंड्स कीकर ने सिटी बहादुरगढ़ को 3-2 के अंतर से हराया। अंडर-12 में इंड्स स्टॉर्म ने खेड़ीजट टीम को 3-0, इंड्स सोल ने एलकेएससीजी को 5-0, इंड्स ड्रीमर ने एलकेएससी स्टार को 5-3 व इंड्स सोल ने खेड़ी जट को 5-0 से परास्त किया। अंडर-14 में लोवा खुर्द ने एलकेएससी स्टार को 6-3 से मात दी। जहांगीरपुर ने बाबा भोला टीम को 5-0 से हराया। इंड्स डव और भापड़ोदा के बीच मैच ड्रा रहा। बहादुरगढ़ ने इंड्स स्पोर्ट्स को 5-0 से हराया। जबकि दुल्हेड़ा ने लक्स स्टार को 6-1 तथा जहांगीरपुर टीम ने एलकेएससी को 6-2 से हराया। मैच रेफरी टीनू, तनी, निखिल, नमन, आदी, श्लोक, हर्षित व प्रदीप आदि रहे। कोच सुदर्शन ने बताया कि अंडर-14 में सेमीफाइनल में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब, जहांगीर पुर, दुल्हेड़ा, सिटी बहादुरगढ़ ने अपनी जगह बना ली है। कमेटी प्रधान नरेश कुमार, लाला मास्टर, विक्की मास्टर, बीजे, काला, संदीप ने ग्राउंड परिसर में 50 पेड़ लगाए।



बहादुरगढ़। बॉल को रोकने का प्रयास करता गोलकीपर।

# नाइकी और एडिडास के नाम से बनाए जा रहे नकली जूते

*पुलिस और कंपनी के प्रतिनिधियों ने मारा छापा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में बड़े ब्रांड की कॉपी कर नकली जूते बनाने का मामला सामने आया है। यहां सूर्या नगर स्थित एक फैक्ट्री में छापे के दौरान भारी मात्रा में नाइकी, एडिडास के जूते, सोल व लेबल आदि बरामद हुए। फैक्ट्री मालिक के खिलाफ सेक्टर 6 थाने में कॉपी राइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

दिल्ली के निवासी राधेश्याम यादव का कहना है कि उनकी कंपनी नाइकी और एडिडास ब्रांड के हितों की रक्षा के लिए काम करती है। इन ब्रांड के नाम से नकली जूते बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार हमें प्राप्त है। हमें सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ इलाके में हमारे ब्रांड के नाम से नकली जूते बनाए जाते हैं। इस सूचना पर हमारी टीम सूर्या नगर में सर्वे करने पहुंची। इस दौरान पता चला कि प्रथम इंटरप्राइजेज में हमारी कंपनी के नाम से नकली जूते बनाकर बेचे जाते हैं। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। फिर पुलिस राधेश्याम व उसकी टीम के साथ फैक्ट्री में पहुंची। फैक्ट्री के दफ्तर में कोई नहीं मिला। जांच के दौरान नाइकी के 620 जूते, 300 अपर, 860 सोल, 12 हजार लेबल, वहीं एडिडास के 360 जूते, 500 सोल, 12 हजार लेबल तथा कुछ पॉलीथिन पाई गई।

# बहादुरगढ़ से इंद्रलोक के लिए मेट्रो की संख्या सीमित

- दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से ग्रीन लाइन पर सेवाओं में बदलाव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से ग्रीन लाइन पर सेवाओं में बदलाव किया गया है। यह बदलाव इंद्रलोक जाने वाले यात्रियों पर लागू है। ब्रिगेडियर होशियार सिंह से सीधी इंद्रलोक जाने वाली मेट्रो की संख्या सीमित कर दी गई है। अब इंद्रलोक जाने के लिए यात्री मुंडका से अशोक पार्क मेट्रो स्टेशन के बीच किसी भी स्टेशन पर ट्रेन बदल सकते हैं। सोमवार 30 जून से यह व्यवस्था सोमवार से शुक्रवार के लिए लागू कर दी गई है। कुल मिलाकर मुख्य तौर पर यहां से कीर्ति नगर के लिए ही मेट्रो जाएगी। नए शेड्यूल के अनुसार, इंद्रलोक की ओर जाने वाली अधिकतर मेट्रो अब मुंडका से बनकर चलाई जाएंगी। इससे ब्रिगेडियर होशियार सिंह से सीधे इंद्रलोक जाने वालों को रूट पर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी और समय प्रबंधन के अनुसार यात्रा करनी होगी।

### कीर्ति नगर से बहादुरगढ़ रूट पर कोई बदलाव नहीं

इंद्रलोक से ब्रिगेडियर होशियार सिंह की दिशा में आने वाले यात्रियों को अशोक पार्क मेट्रो स्टेशन से लेकर राजधानी पार्क तक किसी भी स्टेशन पर ट्रेन बदलने की सुविधा दी गई है। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए सुबह छह बजकर 13 मिनट तथा छह बजकर 24 मिनट वाली दोनों ट्रेनें सीधी इंद्रलोक जाएंगी। इसके अलावा शाम साढ़े सात बजे के बाद स्थिति सामान्य रहेगी। कीर्ति नगर से बहादुरगढ़ रूट पर किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। अधिकारियों की मानें तो इस बदलाव का उद्देश्य मेट्रो संचालन को और अधिक व्यवस्थित तथा यात्री सुविधाजनक बनाना है।

**सम्मानित** ईटी बिजनेस एक्सीलेंस एंड इनोवेशन समिट 2025 के मंच पर मिला सम्मान

*कंपनी को इंटीग्रेटेड टाउनशिप ऑफ द ईयर जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले*

# रॉयल ग्रीन रियल्टी को मिला बेस्ट इमर्जिंग रियल एस्टेट डेवलपर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रॉयल ग्रीन रियल्टी को एक बेस्ट इमर्जिंग रियल एस्टेट डेवलपर का अवार्ड मिला है। ईटी बिजनेस एक्सीलेंस एंड इनोवेशन समिट 2025 के मंच पर फिल्म अभिनेता कुणाल कपूर द्वारा रॉयल ग्रीन रियल्टी के मैनेजिंग डायरेक्टर यशांक वासन और डायरेक्टर वरुण मखीजा को यह सम्मान प्रदान किया गया। इससे पहले भी कंपनी को इंटीग्रेटेड टाउनशिप ऑफ द ईयर जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। हाल ही में रॉयल ग्रीन रियल्टी ने अपने प्रमुख प्रोजेक्ट रॉयल ग्रीन काउंटी बहादुरगढ़ में विला पजेशन की शुरुआत कर दी है। एमडी यशांक वासन ने कहा कि हम सिर्फ घर नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं व सुरक्षित माहौल के बीच एक समग्र जीवनशैली का अनुभव प्रदान करते हैं। वहीं डायरेक्टर वरुण मखीजा ने कहा कि रॉयल ग्रीन रियल्टी न केवल इमारतें, बल्कि एक ऐसी विरासत और वैल्यू सिस्टम का निर्माण करती है जहां लोग अपने सपनों को साकार होते हुए देखते हैं। रॉयल ग्रीन रियल्टी फिलहाल बहादुरगढ़, गुरुग्राम, सोनीपत और इंदौर जैसे शहरों में रिहायशी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है।




बहादुरगढ़। अभिनेता कुणाल कपूर से अवार्ड प्राप्त करते यशांक वासन व वरुण मखीजा।



## बीआरजी को मिला बेस्ट रनिंग ग्रुप का अवार्ड

**बहादुरगढ़।** राजधानी दिल्ली के गांधी दर्शन राजघाट से रविवार को 23वीं रन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज का समापन हो गया। यह कार्यक्रम एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा द्वारा स्थापित हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करना है। इस 10 किलोमीटर की जन-जागरूकता दौड़ में देशभर से आए लगभग एक हजार धावकों ने हिस्सा लिया, जिनमें बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 55 सदस्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बने। बीआरजी को मिला बेस्ट रनिंग ग्रुप का खिताब मिला। ग्रुप के संयोजक दीपक छिल्लर को आयोजन समिति द्वारा विशेष मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। छिल्लर ने बताया कि 30 प्लस आयुवर्ग में गुलाब सिंह ने दूसरा, 40 प्लस आयुवर्ग में सत्यवान ने पहला, महिला वर्ग में ललिता पांडे ने दूसरा स्थान पाया। वहीं, 50 प्लस में बीआरजी के धर्मवीर ने पहला, देवेंद्र ने दूसरा, राजेश ने तीसरा और राजेंद्र पाल ने चौथा स्थान हासिल किया।

## ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों का हुआ स्वागत



**बहादुरगढ़।** मंडल अध्यक्ष बहादुरगढ़ एवं ग्रीवेंस कमेटी मेंबर संजय सैनी के कार्यालय पर नव नियुक्त ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों का स्वागत हुआ। बहादुरगढ़ मंडल की समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी, चेयरमैन, सरपंच, पार्षद व कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सबसे पहले सभी ने मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशासन विभाग रामकंवार सैनी, ग्रीवेंस कमेटी मेंबर नरेश भारद्वाज, मधु मित्तल व चिराग परुथी ने अपने विचार रखें। मंडल अध्यक्ष संजय सैनी व नरेश भारद्वाज को ग्रीवेंस कमेटी मेंबर बनने पर बधाई दी गई। संजय सैनी ने अपने मंडल में एक और नियुक्ति की।